# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (02.07.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:02.07.2025, PAGE-04

# एनएसएस के कामों को समाज तक पहुंचाएं: वीसी

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू और कॉलेजों की एनएसएस इकाई के पदाधिकारियों के साथ वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को ऑनलाइन बैठक की। संचालन समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक ने किया। कुलपति ने एनएसएस अधिकारियों से कहा कि आप एनएसएस के कामों को समाज तक पहुंचाएं। विवि एनएसएस के विकास के लिए हरसंभव मदद करेगा। डॉ. पाठक ने युवा कार्यक्रमों को सुचारू चलाने को आवश्यक मुद्दों को बैठक में रखा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.07.2025, PAGE-04


### सीसीडीसी ने जारी किया रिजल्ट, छात्रों की प्राथमिकता पर कॉलेज देने का दावा

# वोकेशनल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, आज से दाखिला

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर,प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में पहलीबार हुए वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट मंगलवार को सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने जारी किया। प्रो. सिंह ने बताया कि छात्रों की प्राथमिकता के आधार पर उन्हें कॉलेज दिया गया है। बुधवार से दाखिला शुरू हो जायेगा।

नौ जुलाई तक पहली मेरिट लिस्ट का दाखिला लिया जायेगा। 10 जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी। दूसरी मेरिट लिस्ट सिर्फ पीजी कोर्स के लिए ही जारी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला 14 जुलाई तक होगा। वोकेशनल प्रवेश परीक्षा में 2900 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

**कई कॉलेजों में सीटें रह गई खाली:** वोकेशनल में कई कॉलेजों में सीटें खाली रह गईं। इनमें कई बड़े कॉलेज भी शामिल हैं। बीबीए और बीसीए में ज्यादातर कॉलेजों में सीटें खाली रह गई हैं। कई ऐसे भी कॉलेज हैं, जहां 10 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा पास की है। टीपी वर्मा कालेज में बीबीए में 50 सीटों पर सिर्फ सात छात्रों ने ही प्रवेश परीक्षा पास की है। जेएस कॉलेज में बीबीए में 50 सीट में सिर्फ दो छात्रों ने प्रवेश परीक्षा पास की है। एमएसकेबी में बीसीए में 50 सीटों में सिर्फ चार छात्राओं ने परीक्षा पास की है। बीआरएबीयू के पारंपरिक स्नातक के विषयों में सीट निर्धारण के बाद मेरिट लिस्ट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि चार से पांच जुलाई तक मेरिट लिस्ट जारी की जा सकती है। मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद स्नातक में दाखिले शुरू हो जायेंगे। स्नातक में एक लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किया है।

**10 जुलाई को जारी की जाएगी दूसरी मेरिट लिस्ट**

- पहली मेरिट लिस्ट का दाखिला नौ जुलाई तक
- 14 तक होगा दूसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला



### 20 से कम दाखिला वाले कोर्स पर लग सकता है ग्रहण

वोकेशनल परीक्षा के रिजल्ट जारी होने के बाद कई बड़े कॉलेजों में चलने वाले वोकेशनल कोर्स पर ग्रहण लग सकता है। राजभवन के निर्देश के अनुसार जिस कोर्स में 20 से कम दाखिले हैं, उन्हें बंद कर दिया जाना है। इस प्रवेश परीक्षा के बाद एलएस, आरडीएस, टीपी वर्मा जैसे कॉलेजों में चलने वाले कई कोर्स पर बंद होने की तलवार लटक जायेगी।

### ऑनस्पाट दाखिले का भी खुल सकता है विकल्प

वोकेशनल कोर्स में सीटें खाली रह जाने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ऑनस्पाट दाखिला शुरू करने पर भी विचार कर सकता है। हालांकि इस बारे में अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि ऑनस्पाट दाखिला शुरू करने से पहले आवेदन के लिए पोर्टल भी खोलना होगा। पोर्टल खोलने के बाद ही ऑनस्पाट दाखिला लिया जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 02.07.2025, PAGE-04

# रिजल्ट जारी, वोकेशनल कोर्स में नामांकन शुल्क बढ़ा

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर छात्र-छात्राओं का आवंटित कालेजों में आज से नौ जुलाई तक होगा नामांकन

- जुलाई के आखिरी सप्ताह में शुरू होंगी कक्षाएं, विश्वविद्यालय ने जारी की अधिसूचना
- सेमेस्टर सिस्टम में संचालित होने वाले कोर्सों के लिए प्रथम सेमेस्टर में करीब 2500 रुपये की बढ़ोतरी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा के आठ दिनों के अंदर वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए मंगलवार को रिजल्ट जारी कर दिया। रिजल्ट व प्राप्तांक के आधार पर प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र-छात्राएं आवंटित कालेजों में बुधवार से नामांकन ले सकेंगे। नए सत्र में नामांकन प्रक्रिया के लिए शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। सेमेस्टर सिस्टम में संचालित होने वाले कोर्सों के लिए प्रथम सेमेस्टर में करीब 2500 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। वहीं अन्य पांच सेमेस्टर का शुल्क एक हजार रुपये प्रति सेमेस्टर यानी कुल पांच हजार रुपये बढ़ाए गए हैं। इस तरह वोकेशनल कोर्स के शुल्क में करीब 7500 रुपये की वृद्धि हो गई है।

पहले फेज के लिए नामांकन की प्रक्रिया नौ जुलाई तक चलेगी। इसके बाद कुल नामांकित छात्र-छात्राओं की सूची व उनका रिकार्ड विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणाम व प्राप्तांक देख सकते हैं। यूजर आइडी से लागइन करने पर रिजल्ट प्रदर्शित होगा। इसके बाद उन्हें एक स्लिप जेनरेट होगी। इसका प्रिंट आउट ले जाकर आवंटित कालेजों में नामांकन कराएंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किया गया है। सीसीडीसी डा.मधु सिंह ने बताया आनलाइन जेनरेट स्लिप में छात्र व पिता का नाम, प्राप्तांक, आवंटित कालेज समेत अन्य जानकारी दर्ज रहेगी। इसी आधार पर कालेजों में नामांकन की प्रक्रिया होगी। बताया कि पांच वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी की गई है। इसमें नामांकन अपडेट मिलने के बाद फिर से दूसरी लिस्ट जारी होगी। कहा कि एमसीए, पीजीडीसीए, बीलिस व एमबीए में एक सप्ताह तक पहली मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बताया कि वोकेशनल कोर्स के लिए कक्षाओं का संचालन जुलाई के अंतिम सप्ताह से शुरू होगा। संभावना है कि 26 जुलाई से कक्षाओं का संचालन हो सकता है।

**नामांकन के लिए ये कागजात जरूरी :** छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए 12वीं का अंकपत्र, आधार कार्ड, पिछली परीक्षा का एडमिट कार्ड, माइग्रेशन समेत पिछली कक्षाओं के कागजात उपलब्ध कराने होंगे। इसी तरह पीजी डिप्लोमा कोर्स या पीजी कोर्स के लिए स्नातक के अंकपत्र, आधार कार्ड, पिछली परीक्षा का एडमिट कार्ड आदि कागजात उपलब्ध कराने होंगे।



वोकेशनल का रिजल्ट जारी करती सीसीडीसी डा मधु सिंह • जागरण

### फीस संरचना

- बीसीए कोर्स के लिए प्रथम सेमेस्टर में 15 हजार व बाकी पांच सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर 7500 रुपये देने होंगे।
- बीबीए कोर्स के लिए प्रथम सेमेस्टर में 15 हजार व बाकी पांच सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर 7500 देने होंगे।
- आइएमबी में प्रथम वर्ष के लिए 15 हजार और दूसरी व तीसरे वर्ष में 13-13 हजार रुपये देना होगा।
- सीएनडी में प्रथम वर्ष में 15 हजार और दूसरे व तीसरे वर्ष में 13-13 हजार रुपये जमा करने होंगे।
- इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री में प्रथम वर्ष में 12500 और दूसरे व तीसरे वर्ष में 12300 रुपये देने होंगे।
- आइएफएफ में प्रथम वर्ष 15 हजार और दूसरे व तीसरे वर्ष में 15-15 हजार रुपये देने होंगे।
- एमसीए में प्रथम सेमेस्टर में 25 हजार व बाकी पांच सेमेस्टर में प्रति सेमेस्टर 20 हजार देने होंगे।
- पीजीडीसीए में अब 20 हजार रुपये नामांकन शुल्क होगा।
- बीलिस में अब 15 हजार रुपये शुल्क देना होगा।
- पीजीडी इन योगिक स्टडीज में 15 हजार रुपये शुल्क लगेगा।
- बीएमसी में प्रथम वर्ष में 15 हजार, दूसरे व तीसरे वर्ष में 13-13 हजार नामंकन शुल्क होगा।
- फैशन डिजाइनिंग में अब तीनों वर्ष में 15-15 हजार रुपये शुल्क लगेगा।
- फूड साइंस एंड क्वालिटी कंट्रोल में प्रथम व द्वितीय वर्ष में 11-11 हजार और तीसरे वर्ष में 14 हजार रुपये शुल्क लगेगा।
- बायोटेक्नोलाजी में प्रथम वर्ष में 15 हजार, द्वितीय में 13 हजार व तृतीय वर्ष में नामांकन शुल्क 13 हजार रुपये होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 02.07.2025, PAGE-04


# माय भारत पोर्टल पर एनएसएस स्वयं सेवकों का किया जाएगा रजिस्ट्रेशन

**विश्वविद्यालय के अंगीभूत और संबद्ध कालेजों के कार्यक्रम पदाधिकारियों के लिए आनलाइन मीटिंग का आयोजन**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों के स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम पदाधिकारियों का रजिस्ट्रेशन माय भारत पोर्टल पर होगा। इसी पोर्टल से इवेंट डाउनलोड कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। एनएसएस की गतिविधियों के नियमति संचालन के साथ ही कैंप और पत्रिका का प्रकाशन कराया जाएगा। सभी यूनिट गांव या स्लम एरिया को गोद लेकर वहां जागरूकता कार्यक्रम संचालित करेंगे। इंटरनेट मीडिया की सहायता से संबंधित कार्यक्रमों को अधिक से अधिक व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत व संबद्ध कालेजों में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारियों की मंगलवार को आनलाइन बैठक हुई। अध्यक्षता कुलपति प्रो.डीसी राय ने की। उन्होंने एनएसएस के कार्यों को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि एनएसएस के विकास के लिए हर संभव मदद करेगा। आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय से लेकर महाविद्यालय के स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। संचालन बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डा.अनुराधा पाठक ने किया। द्वितीय सत्र में सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों के राष्ट्रीय सेवा योजना संबंधित समस्याएं व शंकाओं का समाधान किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR

DATE: 02.07.2025, PAGE-04


# स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया जारी नये कॉलेजों को मान्यता का इंतजार

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से अबतक नये सत्र में कॉलेजों को मान्यता दिलाने के लिए सरकार को प्रस्ताव नहीं भेजा जा सका है.सीनेट की बैठक के तीन महीने से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन अबतक प्रस्ताव नहीं भेजा गया. इस कारण नए सत्र के लिए आवेदन करने वाले कॉलेजों को इंतजार करना पड़ रहा है. तीन दर्जन से अधिक कॉलेजों का प्रस्ताव सीनेट से स्वीकृत हुआ है. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि रजिस्ट्रार छुट्टी पर हैं. उनके योगदान करने के बाद सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा. यदि सरकार से मान्यता मिलती है तो फिर पोर्टल खोलने पर विचार किया जाएगा.

बता दें कि स्नातक में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में आवेदन की प्रक्रिया अप्रैल से ही चल रही है. दो महीने से अधिक अवधि तक आवेदन लेने के बाद सीटों का निर्धारण किया गया है. अब मेधा सूची जारी करने की तैयारी है.

**इसी सप्ताह जारी होगी मेधा सूची :** विश्वविद्यालय की ओर से चार जुलाई को स्नातक की पहली मेधा सूची जारी करने की बात कही गयी है. मेधा सूची में चयनित छात्रों को एक सप्ताह का समय नामांकन के लिए दिया जाएगा. विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि कक्षाओं का संचालन 15 जुलाई से शुरू कर दी जाए, लेकिन सरकार से प्रस्ताव की स्वीकृति में विलंब होने से नये कॉलेजों को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR

DATE: 02.07.2025, PAGE-04


## लॉगिन कर विद्यार्थी प्राप्त कर सकते हैं कॉलेज एलॉटमेंट लेटर

# वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, आज से नामांकन



### 2985 विद्यार्थी परीक्षा में हुए थे शामिल, चार विषयों के लिए जारी की गयी पहली मेधा सूची



रिजल्ट जारी करती सीसीडीसी.

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है. चार विषयों के लिए पहली मेधा सूची जारी की गयी है. वहीं शेष विषयों में विद्यार्थियों की ओर से दिए गये च्वाइस के आधार पर उन्हें कॉलेज आवंटित कर दिया गया है. सीसीडीसी प्रो.मधु सिंह ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि परिणाम विश्वविद्यालय के ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. विद्यार्थियों के पास इसे देखने का दो विकल्प दिया गया है. गेस्ट लॉगिन से प्राप्त अंक और आवंटित कॉलेज का विकल्प दिखेगा. वहीं रजिस्टर्ड लॉगइन से परिणाम देखने के साथ कॉलेज एलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर सकते हैं. नामांकन के लिए संबंधित कॉलेज में इसे प्रस्तुत करना होगा.

सीसीडीसी ने बताया कि एमसीए, पीजीडीसीए, बीलिस और एमबीए कोर्स में विद्यार्थियों ने एक ही विकल्प दिया था. ऐसे में इन कोर्स के लिए पहली सूची जारी की गयी है. वैसे विद्यार्थी जिन्हें इस सूची में कॉलेज आवंटित नहीं किया जा सका है, उन्हें दूसरी सूची से पूर्व संस्थान का विकल्प जोड़ने का विकल्प दिया जाएगा. यदि वे इच्छुक होंगे तो अन्य संस्थान में उनका आवंटन किया जाएगा.

सीसीडीसी ने बताया कि इस महीने के आखिरी सप्ताह में वोकेशनल कोर्स की नये सत्र की कक्षाओं का संचालन शुरू हो जाएगा. इससे पूर्व नामांकन व अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर लेनी है. तीन से 9 जुलाई तक नामांकन का मौका दिया जाएगा. बता दें कि विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए कंबाइंड इंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया गया था. इसमें 2985 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. 37 सौ से अधिक विद्यार्थियों ने डेढ़ दर्जन से अधिक कोर्स के लिए आवेदन किया था. प्रवेश परीक्षा में करीब आठ सौ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे.

इस खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.

### अंकपत्र व अन्य प्रमाण पत्र करने होंगे प्रस्तुत

आवंटित कॉलेज मे विद्यार्थियों को तीन से 9 जुलाई के बीच नामांकन का मौका मिलेगा. विद्यार्थियों को नामांकन के समय कॉलेज एलॉटमेंट लेटर, पिछली कक्षा का एडमिट कार्ड, अंकपत्र, माइग्रेशन, आधार कार्ड, फोटो व अन्य कागजात जमा कराने होंगे.

### 4 और 16 को होने वाली वोकेशनल कोर्स की परीक्षा की तिथि बढ़ी

**मुजफ्फरपुर.** विभिन्न वोकेशनल कोर्स की परीक्षा की तिथि मे परिवर्तन किया गया है. चार और 16 जुलाई को होने वाली परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाई गयी है. चार जुलाई को होने वाली परीक्षा अब 19 जुलाई को होगी. वहीं 16 जुलाई को ली जाने वाली परीक्षा 21 जुलाई को होगी. पूर्व निर्धारित केंद्र पर ही यह परीक्षा होगी. विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को इसको लेकर अधिसूचना जारी की गयी है. सभी वोकेशनल कोर्स के निदेशक को परीक्षा स्थगित होने और नयी तिथि के संबंध मे जानकारी दे दी गयी है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:02.07.2025, PAGE-04

# बीएड की 37150 सीटों पर नामांकन को लेकर 86152 छात्र-छात्राओं ने कराया पंजीयन

**सीइटी-बीएड-2025**

- कॉलेज आवंटन की पहली सूची चार जुलाई को
- रिक्त सीटों के विरुद्ध दूसरी चयन सूची 19 को जारी होने की संभावना

प्रतिनिधि, दरभंगा.

दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीइटी-बीएड-2025) के सफल छात्र- छात्राओं का कालेज चयन के साथ पंजीयन की प्रक्रिया 30 जून की रात 12 बजे समाप्त हो गयी. जानकारी के अनुसार 115262 में से कुल 86152 छात्र- छात्राओं ने पंजीयन करा लिया है. बीएड के लिए सीइटी पास 115092 में से 86021 तथा शिक्षा शास्त्री में सीइटी पास 170 में से 131 छात्र- छात्राओं ने पंजीयन कराया है. अब प्रदेश के 14 विश्वविद्यालयों के 339 बीएड कॉलेजों में निर्धारित 37150 सीटों पर नामांकन की दौड़ में इस तरह कुल 86152 छात्र- छात्रा भाग ले सकेंगे.

## नामांकन नहीं लेने पर दोबारा मौका नहीं

स्टेट नोडल यूनिवर्सिटी (लनामिवि) की ओर से जारी शिड्यूल के अनुसार अर्हताधारी पंजीकृत छात्र- छात्राओं की मेधा एवं कोटि के आधार पर पहला कॉलेज आवंटन सूची चार जुलाई को वेबसाइट पर जारी की जाएगी. सूची में शामिल छात्र- छात्राओं को पांच से 15 जुलाई तक 3000 रुपये गैर वापसी योग्य आंशिक शुल्क जमा करना होगा. यह शुल्क कॉलेज में नामांकन शुल्क के साथ समायोजित हो जाएगा. पांच से 16 जुलाई के बीच आवंटित कॉलेजों में फीस की शेष राशि जमा करते हुए छात्र-छात्रायें नामांकन ले सकेंगे. आवंटित कॉलेजों में नामांकन नहीं लेने पर छात्र-छात्राओं को दोबारा मौका नहीं मिलेगा. आवंटित कॉलेजों के फीस की जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है.

## असुविधा होने पर इस नंबर पर करें कॉल

नामांकन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मोबाइल संख्या- 09431041694 तथा इमेल cetbedhelpdesk@lnmu.ac.in पर सम्पर्क किया जा सकता है. रिक्त सीटों के विरुद्ध दूसरी चयन सूची 19 जुलाई को जारी होने की संभावना है.

## इन विश्वविद्यालयों में इतनी सीटें

बता दें कि इस वर्ष छह सरकारी, 28 अंगीभूत, 305 सम्बद्ध, 22 अल्पसंख्यक एवं सात महिला कॉलेजों में एनसीटीइ से स्वीकृत 37150 सीटों के विरुद्ध नामांकन होना है. आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के 33 कॉलेजों में 2850 सीट, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के 57 कालेज में 6150 सीट, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के 12 कॉलेजों में 1250 सीट पर नामांकन होना है. जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के 15 कॉलेजों में 1500 सीट, केएसडी संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा में 100 सीट, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के 33 कॉलेजों में 3750 सीट पर नामांकन लिया जाएगा. मगध विश्वविद्यालय, बोध गया के 48 कॉलेजों में 6000 सीट, मौलाना मजहरुल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना के 32 कॉलेजों में 3200 सीट, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर के पांच कॉलेज में 500 सीट, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के 55 कॉलेजों में 6350 सीट, पटना विश्वविद्यालय, पटना के तीन कॉलेजों में 300 सीट, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के 10 कॉलेजों में 1100 सीट, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर के 15 कॉलेजों में 1600 सीट एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के 20 कॉलेजों में 2350 सीट पर नामांकन होगा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 02.07.2025, PAGE-04


# स्लम एरिया को गोद लेकर जागरूकता अभियान चलायेंगे एनएसएस स्वयंसेवक

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सोमवार को अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम पदाधिकारियों की ऑनलाइन बैठक आयोजित गयी. इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश चन्द्र राय ने की. कुलपति ने एनएसएस के कार्यों की समाज तक पहुंचाने का आवाह्न किया. कहा कि विश्वविद्यालय एनएसएस के विकास के लिए हर संभव मदद करेगा. समन्वयक डॉ अनुराधा पाठक ने महाविद्यालय स्तर पर युवा कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक मुद्दों को बैठक में रखा. माय भारत पोर्टल पर कार्यक्रम पदाधिकारी व स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन, इवेंट डाउनलोड करने व सीएनए खाता संबंधित जानकारी दी गयी. कुलपति ने कहा कि सभी यूनिट एनएसएस की पत्रिका के प्रकाशन के लिए गांव या स्लम एरिया को गोद लेकर वहां जागरूकता कार्यक्रम करें. कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं. सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं कुलपति के समक्ष रखीं. बैठक में अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रतात सिंह, कुलानुशासक डॉ बीएस राय समेत 30 महाविद्यालयों के प्रोग्राम ऑफिसर ऑनलाइन शामिल हुए. रामेश्वर महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी शारदानंद साहनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 02.07.2025, PAGE-02**

**बीआरएबीयू • पहली बार प्रवेश परीक्षा, एक सप्ताह में रिजल्ट के साथ कॉलेज आवंटन**

# वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी, 9 तक नामांकन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए बुधवार को रिजल्ट जारी करने के साथ ही सफल अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित कर दिया है। पहले चरण का नामांकन बुधवार से शुरू होगा और 9 जुलाई तक चलेगा। एमबीए, एमसीए, पीजीडीए और बी.लिस. सहित 5 कोर्स में नामांकन अपडेट होने के बाद दूसरी लिस्ट जारी की जाएगी। 26 जुलाई से सभी विभाग और कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स की क्लास शुरू होगी। विश्वविद्यालय में पहली बार वोकेशनल कोर्स के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश परीक्षा हुई थी। एक सप्ताह के भीतर विश्वविद्यालय ने रिजल्ट के साथ मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। प्रवेश परीक्षा में सफल छात्र-छात्राएं आवंटित कालेजों में बुधवार से नामांकन ले सकेंगे। पहले फेज के



लिए नामांकन की प्रक्रिया 9 जुलाई तक चलेगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना परिणाम और प्राप्तांक देख सकते हैं। यूजर आईडी से लॉगइन करने के बाद उन्हें रिजल्ट दिखेगा। वेबसाइट पर ही एक स्लिप जेनरेट होगा। इसी स्लिप का प्रिंट आउट ले जाकर अभ्यर्थी आवंटित कॉलेजों में नामांकन कराएंगे। सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह ने बताया कि ऑनलाइन जेनरेट स्लिप में छात्र का नाम, पिता का नाम, प्राप्तांक व आवंटित कॉलेज समेत अन्य जानकारी रहेगी। इसी आधार पर कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### नामांकन के समय ये दस्तावेज देने होंगे

छात्र-छात्राओं को नामांकन के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध स्लिप के साथ ही 12वीं का अंकपत्र, आधार कार्ड, पिछली परीक्षा का एडमिट कार्ड व माइग्रेशन समेत पिछली कक्षाओं के दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। इसी तरह पीजी डिप्लोमा कोर्स या पीजी कोर्स के लिए स्नातक के अंकपत्र, आधार कार्ड, पिछली परीक्षा का एडमिट कार्ड, माइग्रेश समेत अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा।

### सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से विद्यार्थियों को फायदा

विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार सेंट्रलाइज्ड सिस्टम से नामांकन प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को फायदा हुआ है। पहले कॉलेज स्तर पर नामांकन होता था। इसमें विद्यार्थी दो या तीन कॉलेजों में आवेदन करते थे, जिससे तीन गुना खर्च होता था। वहीं, कॉलेज प्रॉस्पेक्टस व आवेदन सहित अन्य शुल्क मनमानी तरीके से वसूलते थे। अब एक ही आवेदन में सभी कॉलेजों का विकल्प उपलब्ध है।

### 4 को होने वाली वोकेशनल की परीक्षा अब 19 को

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने वोकेशनल कोर्स की परीक्षा तिथि में बदलाव किया है। मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई। 4 जुलाई को होने वाली परीक्षा अब 19 जुलाई को होगी। वहीं, 16 जुलाई की परीक्षा 21 जुलाई को होगी। अन्य तिथियों की परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। केंद्रों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मंगलवार को सभी वोकेशनल कोर्स के निदेशक को इसकी जानकारी दी गई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE: 02.07.2025, PAGE-02


# कॉलेजों की रिपोर्ट पर अतिथि शिक्षकों का होगा सेवा विस्तार

## सत्र 2025-26 के लिए इसी सप्ताह नवीनीकरण

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को कॉलेजों की रिपोर्ट के आधार पर सेवा विस्तार मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए इसी सप्ताह नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए 2 व 3 जुलाई को विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में रिन्यूवल कमेटी की बैठक होगी। सभी विषयों के लिए अलग-अलग कमेटी होगी, जो कॉलेजों से भेजी गई अप्रेजल रिपोर्ट की समीक्षा के बाद अपना निर्णय देगी। कमेटी संबंधित विषय के एक एक्सपर्ट के साथ ही विषय के विभागाध्यक्ष और डीन को रखा गया है। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने बताया कि अतिथि शिक्षकों के सेवा नवीनीकरण के लिए कॉलेज की ओर से भेजी गई रिपोर्ट ही प्रमुख आधार होगा। सभी विषयों की कमेटी में बाहरी एक्सपर्ट को रखा गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

कमेटी की रिपोर्ट मिलने के बाद विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। बता दें कि पिछले सप्ताह से ग्रीष्मावकाश के बाद कॉलेजों में शैक्षणिक कार्य शुरू हो गए हैं। छात्र हित को देखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से सभी कॉलेजों को कहा गया है कि नवीनीकरण की अधिसूचना जारी होने तक अतिथि शिक्षकों का सहयोग वर्ग संचालन में लिया जाए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:02.07.2025**
**PAGE-02**

## स्वयंसेवकों का mybharat पोर्टल पर होगा रजिस्ट्रेशन

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों की जानकारी mybharat पोर्टल पर अपलोड होगी। पोर्टल पर सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ ही स्वयंसेवकों का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। साथ ही कॉलेजों में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी फोटो सहित गतिविधि अपलोड करनी होगी। मंगलवार को कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में सभी कॉलेजों के कार्यक्रम पदाधिकारियों की ऑनलाइन मीटिंग हुई। एनएसएस के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ. अनुराधा पाठक ने कॉलेज स्तर पर युवा कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने के मुद्दों को रखा। उन्होंने mybharat पोर्टल पर कार्यक्रम पदाधिकारी व स्वयं सेवकों के रजिस्ट्रेशन और इवेंट डाउनलोड करने के बारे में बताया। साथ ही सीएनए खाता के बारे में बताया।